# पुलिस मुठभेड़ में 02 अंतर्राज्यीय शातिर घायल लुटेरे,अपाचे मोटरसाईकिल,नगदी 81,500/- रू0, असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी श्री शिवहरी मीणा महोदय के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री नैपाल सिंह ,क्षेत्राधिकारी मोठ डॉ प्रदीप कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना पूंछ एवं एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा 02 शातिर बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया एवं उनके कब्जे से 02 अदद तमंचा 315 बोर 05 जिंदा व 04 खोखा कारतूस बरामद हुये तथा थाना मोठ के मु0अ0सं0 97/21 धारा 392 भादवि से संबन्धित लूटे गए 81,500 रुपए नगद बरामद हुये। थाना पूंछ पर मु0अ0स0 84/2021 धारा 147/148/149/307 भा.द.वि व पुलिस मुठभेड विरूद्ध अभि0 अंशुल मोगिया पुत्र त्रिपाल मोगीया उम्र 25 बर्ष निवासी कोतवाली देहात दतिया म0प्र0 आदि 05 नफर एवं मु0अ0स0 85/21धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट बनाम 1. अंशुल मोगिया पुत्र त्रिपाल मोगीया उम्र 25 बर्ष निवासी कोतवाली देहात दतिया म0प्र0,2.रन्नी सिंह पुत्र रावन सिंह उम्र 25 बर्ष निवासीगण कोतवाली देहात दतिया म0प्र0 पंजीकृत किया गया। विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

## घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 01-07-2021 की रात्रि थानाध्यक्ष थाना पूंछ श्री राजपाल सिंह मय टीम एवं प्रभारी एसओजी श्री राजेश पाल सिहं मय हमराही पुलिस बल के थाना क्षेत्र में समथर रोड ग्राम धौरका मोड़ पर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियो की चेकिंग कर रहे थे मुखविर से सूचना मिली की दो मोटर साईकिलों पर सवार कस्वा मोठ में लूट करने वाले बदमाश इस रोड से होकर समथर की ओर जाने वाले है तभी दो मोटर साइकिलों पर सवार कुछ लोग आ रहे थे जिन्हें रोकने का प्रयास किया तो वह गाड़ियों को मोड़कर भागने लगे जब पीछा किया गया तो अपाचे मोटर साइकिल पर पीछे सवार व्यक्ति ने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया जिसमें थानाध्यक्ष पूंछ बाल बाल बचे। पुलिस टीम द्वारा अदम्य साहस का परिचय देते हुये व अपने आप को बचाते हुये आत्मरक्षार्थ जबाबी फायर किए जिसमें अंधेरे का फायदा उठाकर साइन मोटर साइकिल पर सवार बदमाश भाग गये और अपाचे मोटर साइकिल पर सवार दो बदमाश घायल होकर गिर गये जिनके दायें पैरों में गोली लग गयी थी। अभियुक्तों से भागे हुये लोगों के बारे पूछा गया तो बताया कि 1- अब्दुल पुत्र त्रिपाल, 2- अवतार पुत्र वकील मोगीया, 3- शालू पुत्र सरदार सिंह मोगीया थे और हम लोगों ने मिलकर कस्वा मोठ में लूट की थी जिसमें हमलोगों को 1,85,950 रुपए मिले थे जिसको हमलोगो ने आपस में बाँट लिए थे।

## गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरणः-

- अंशुल मोगिया पुत्र त्रिपाल मोगीया उम्र 25 बर्ष निवासी कोतवाली देहात दतिया म0प्र0
- रन्नी सिंह पुत्र रावन सिंह उम्र 25 बर्ष निवासीगण कोतवाली देहात दतिया म0प्र0

## बरामदगी का विवरणः-

- दो अदद तमंचा 315 बोर 05 अदद कारतूस 315 बोर जिन्दा व 04 अदद खोखा कारतूस
- थाना मोठ के मु0अ0सं0 97/21 धारा 392 भादवि से संबन्धित लूटे गए 81,500 रुपए नगद बरामद

## गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम का विवरणः-

- श्री राजपाल सिंह, थानाध्यक्ष थाना पूंछ जनपद झाँसी मय टीम उ0नि0 रमाशंकर तिवारी, का0 मोहित शुक्ला, का0 अंकुर कुमार, चालक उमेश बाबू ,का0 हीरालाल, रि0का0 राहुल बाबू, का0 नीरज कुमार थाना पूंछ जनपद झाँसी
- उ0नि0 श्री राजेश पाल सिंह प्रभारी एसओजी झांसी मय टीम हे0का0 शैलेंद्र सिंह, हे0का0 कलीमखान, का0 पद्मम गोस्वामी ,का0 प्रदीप सेंगर ,का0 धारा सिंह ,का0 देवेश चतुर्वेदी, चालक राजेश कुमार एसओजी टीम झांसी।